**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**19.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**जी राम जी बिल**

संसद ने विकसित भारत–रोज़गार और आजीविका मिशन गारंटी ग्रामीण जी राम जी विधेयक, 2025 ध्वनि मत से पारित कर दिया है। इसे राज्यसभा ने कल रात मंजूरी दी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। विधेयक से हर वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक सौ 25 दिन का रोजगार मिलेगा। राज्यसभा में विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार राष्ट्र प्रथम के विचार के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार समाज के वंचित वर्गों को लाभ पहुंचाने लिए अथक प्रयास कर रही है।

केंद्र सरकार विधेयक के माध्यम से वर्ष 2047 में विकसित भारत के राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा तैयार करना चाहती है। भाजपा सांसद इंदु बाला गोस्वामी ने कहा कि देश की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है और इस विधेयक का उद्देश्य ग्रामीणों के जीवन को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक विकसित भारत बनाने में सहायक होगा।

**राष्ट्रपति–राष्ट्रीय सम्मेलन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की भर्ती करते समय लोक सेवा आयोगों को ईमानदारी और निष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है। वे आज हैदराबाद में राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन अवसर बोल रहीं थी। राष्ट्रपति ने राज्य लोक सेवा आयोगों को भरोसेमंद सरकारी संस्थानों में से एक बताते हुए राष्ट्रीय और राज्य आयोगों से उभरती चुनौतियों का अनुमान लगाने और विश्वसनीयता को अधिकतम महत्व देते हुए खुद को तैयार करने के लिए कहा।

**राजेश धर्माणी**

बिलासपुर जिला के घुमारवीं में अगले वर्ष फरवरी माह में हैंडवॉल अंडर–19 छात्रा वर्ग की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने आज घुमारवीं में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करने के बाद ये जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि एक से 5 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें भाग लेंगी। धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित होने गौरव की बात है और इससे क्षेत्र के युवाओं में खेल संस्कृति का विकास होगा।

**भाजपा प्रदर्शन**

प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नीतियों व शिमला शहर के लोगों की समस्याओं को लेकर भाजपा ने आज शिमला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। भाजपा नेता संजय सूद ने कहा कि शिमला शहर की हालत काफी बदतर हो गई है और आई.जी.एम.सी. शिमला से कॉर्डियोलॉजी सहित अन्य विभागों को चमियाना शिफ्ट कर दिया है। उन्होंने कहा है कि इससे शिमला सहित प्रदेश के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**सेब पौध**

प्रदेश में सेब बाहुल क्षेत्रों में इन दिनों सेब की नई पौध लगाने का कार्य शुरू हो गया है। बागवानी विभाग और औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी द्वारा उन्नत किस्म के गुणवत्तापूर्ण पौधों की बिक्री शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय के मशोबरा स्थित क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान केंद्र के सह

निदेशक डॉक्टर दिनेश ठाकुर ने बागवानों से पौध रोपण के समय उन्नत व गुणवत्ता पूर्ण सेब पौधों की ही खरीद करने की अपील की है।

---